INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang.	Department: Hindi	Class work
Lesson-2 मिठाईवाला	Topic: Question Bank& Grammar	Note: Pl File in portfolio

अति लघु प्रश्न-

प्रश्न-1 खिलौने देखकर बच्चों को कैसा लगता है?

उत्तर - खिलौने देखकर बच्चे पुलकित हो उठते हैं।

प्रश्न-2 मुन्नू ने खिलौना कितने पैसे में ख़रीदा था?

उत्तर - मुन्नू ने खिलौना दो पैसे में ख़रीदा था।

प्रश्न-3 खिलौनेवाला मुरली बेचने नगर में कब आया?

उत्तर - खिलौनेवाला मुरली बेचने नगर में छह-आठ महीने के बाद आया।

प्रश्न-4 चुन्नू और मुन्नू ने कौन-सा खिलौना ख़रीदा?

उत्तर - चुन्नू और मुन्नू ने हाथी और घोड़ा ख़रीदा।

प्रश्न-5 रोहिणी के पति का क्या नाम था?

उत्तर- रोहिणी के पति का नाम विजय बाबू था।

प्रश्न-6 चुन्नू-मुन्नू कौन थे और कहाँ गए थे?

उत्तर- चुन्नू-मुन्नू रोहिणी के बच्चे थे और पार्क में खेलने गए थे।

लघु प्रश्न-

प्रश्न 1. मुरलीवाला कैसा दिखता था?

उत्तर - मुरलीवाला तीस-बत्तीस का दुबला-पतला गोरा युवक था और वह बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता था।

प्रश्न 2. मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ कैसा था?

उत्तर - मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ बहुत स्नेह वाला था। बच्चे जो रंग पसंद करते, मुरलीवाला उसी रंग की मुरली निकाल कर दे देता था।

प्रश्न 3. खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

उत्तर- खिलौनेवाले की मधुर आवाज़ सुनकर बच्चे अपना खेल छोड़कर खिलौनेवाले को घेर लेते थे। वे तोतली भाषा में खिलौने की कीमत पूछते थे। खिलौने खरीदते ही उछलने लगते थे। वे अपनी पसंद का खिलौने लेने की ज़िद भी करते थे।

प्रश्न 4. रोहिणी को मुरलीवाले के स्वर से खिलौनेवाले का स्मरण क्यों हो आया?

उत्तर- मुरलीवाला भी खिलौनेवाले की तरह ही गा-गाकर मुरली बेच रहा था। रोहिणी को मुरलीवाले का स्वर जाना-पहचाना लगा इसलिए उसे खिलौनेवाले का स्मरण हो आया।

दीर्घ प्रश्न-

प्रश्न 1. मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

उत्तर- बच्चे एक ही चीज़ से ऊब न जाएँ इसलिए वह बच्चों के पसंद की अलग-अलग चीज़ें बेचता था। वह महीनों बाद इसलिए आता था ताकि उसकी वस्तुओं में बच्चों की उत्सुकता बनी रहे। उसे पैसों का कोई लोभ नहीं था, वह तो केवल अपने मन की संतुष्टि के लिए बच्चों के मनपसंद की चीज़ें बेचा करता था।

प्रश्न 2. मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खींचे चले आते थे?

उत्तर- निम्नलिखित कारणों से बच्चे तथा बड़े मिठाई वाले की ओर खिंचे चले आते थे –

(क) मिठाईवाला मधुर स्वर में गाकर अपनी चीज़ों को बेचता था।

(ख) वह सस्ते में बच्चों को खिलौने तथा मिठाइयाँ देता था।

(ग) उसके हृदय में बच्चों के लिए स्नेह था।

(घ) हर बार नई चीज़ें लाता था।

प्रश्न 3. 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा' कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा ?

उत्तर- 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा' कहानी के अंत में मिठाई वाले ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि- (1) पहली बार किसी ने उसके प्रति इतनी आत्मीयता दिखाई और उसके दुख को समझने का प्रयास किया।

(2) वह भावुक हो गया।

(3) उसे रोहिणी के बच्चे चुन्नू-मुन्नू में अपने बच्चे नज़र आए।

प्रश्न 4. – इस कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है। क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती है ? आपकी राय में क्या यह सही है ?

उत्तर- आज की औरतें चिक के पीछे से बात नहीं करतीं। यदि कुछ औरतें ऐसा करती भी है तो वे अपने पिछड़ेपन का परिचय देती हैं। कभी-कभी ऐसा करने के लिए उन पर घर के सदस्यों का दबाव भी होता है। मेरी राय में यह सही नहीं है। हर औरत को आज के युग के अनुसार खुलकर अपनी बात कहनी चाहिए।

व्याकरण भाग-

प्रश्न-1 दिए गए उपसर्गों के दो-दो शब्द लिखिए|

1	अनु	अनुमान	अनुशासन
2	अप	अपमान	अपशब्द
3	अभि	अभिमान	अभिनय
4	अव	अवगुण	अवकाश
5	आ	आजीवन	आमरण
6	उप	उपवन	उपदेश
7	प्र	प्रयोग	प्रबल
8	वि	विदेश	विनाश

प्रश्न-2 दिए गए प्रत्ययों के दो-दो शब्द लिखिए|

1	पन	बचपन	लड़कपन
2	दार	समझदार	दुकानदार
3	गर	बाज़ीगर	सौदागर
4	वान	धनवान	दयावान
5	आहट	कड़वाहट	चिकनाहट

6	इक	मौखिक	धार्मिक
7	आस	मिठास	खटास
8	ईन	नमकीन	रंगीन

प्रश्न-3 दिए गए मुहावरों से उचित वाक्य बनाइए|

1	कानाफूसी करना (धीरे-धीरे बात करना) वाक्य– अध्यापिका जी के कक्षा से बाहर जाते ही बच्चों ने आपस में कानाफूसी शुरू कर दी।
2	आसमान सिर पर उठाना (बहुत शोर करना) वाक्य- इस कक्षा के छात्रों ने तो आसमान सिर पर उठा रखा है।
3	ईद का चाँद होना (बहुत दिनों के बाद मिलना) वाक्य- नेहा तो आजकल नज़र नहीं आती है वह तो ईद का चाँद हो गई है।
4	आँखें फेर लेना (बदल जाना) वाक्य- मुसीबत आने पर अपने लोग भी आँखें फेर लेते हैं।
5	मुँह में पानी आना (जी ललचा जाना) वाक्य- रसगुल्लों को देखकर मेरे मुँह में पानी भर आता है।
6	कानोंकान खबर न होना (कुछ खबर न होना) वाक्य- पड़ोसी के घर में चोरी हो गई पर वर्मा जी को कानोंकान खबर न हुई।
7	अंधे की लकड़ी (एकमात्र सहारा) वाक्य- श्रवण कुमार अपने माता-पिता के लिए अंधे की लाठी था|
8	दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करना (अधिकाधिक उन्नति) वाक्य- ईश्वर करे, तुम दिन दूनी, रात चौगुनी उन्नति करो।

प्रश्न-4 वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए|

1	जिसका पता न हो-	अज्ञात
2	दूसरों की बातों में दखल देना-	हस्तक्षेप
3	किसी कार्य को बार-बार करना-	अभ्यास
4	दूसरों पर उपकार करने वाला-	उपकारी
5	दण्ड दिये जाने योग्य-	दण्डनीय
6	दो भाषाएँ बोलने वाला-	द्विभाषी
7	केवल फल खाकर रहने वाला-	फलाहारी
8	जिसके आने की तिथि निश्चित न हो-	अतिथि

H0MEWORK -लेखन कार्य -विज्ञापन बनाना, चित्र वर्णन|

प्रश्न-5 दिए गए विषय- **'पतंजलि हर्बल साबुन' पर** एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए|

प्रश्न-6 चित्र वर्णन– दिए गए चित्र का वर्णन 30-40 शब्दों में कीजिए|



****